प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 17.06.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- **किशाऊ बांध परियोजना** पर राजस्थान सहित छह राज्यों के बीच सहमति बनी–इससे प्रदेश की कृषि और पेयजल की जरूरतें पूरी होंगी।

- राज्य सरकार ने बालोतरा में दुर्लभ खनिजों की खोज को स्वीकृति दी–प्रदेश में जल्द ही एनआईए कोर्ट खोलने पर भी मंजूरी।

- एनटीए ने आगामी नीट परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को घोटालेबाजों से सावधान रहने का अनुरोध किया।

- प्रदेश में कई इलाको में बारिश से झुलसाने वाली गर्मी से राहत–किसानों ने खरीफ फसलो की बुवाई शुरू की।

वर्षों से लंबित **किशाऊ बहु–उद्देश्यीय बांध परियोजना** पर राजस्थान सहित छह राज्यों के बीच सहमति बन गई है। इनमें हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड और हरियाणा शामिल है। नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह सहमति बनी। इसके तहत हिमाचल प्रदेश के हिस्से का पानी अब राजस्थान और दिल्ली को दिया जाएगा। इसके बदले में ये दोनों राज्य हिमाचल प्रदेश की बिजली की लागत को साझा करेंगे। इस परियोजना से हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को भी उनके तय कोटे के अनुसार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे यमुना नदी में शुद्ध जल का प्रवाह बढ़ेगा। परियोजना की 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी, जबकि शेष 10 प्रतिशत खर्च सभी छह राज्य मिलकर वहन करेंगे। इस संबंध में जल्द ही सभी राज्यों के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। इसके बाद परियोजना को अनुमोदन के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस फैसले को राजस्थान के लिए ऐतिहासिक बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश को अतिरिक्त पानी मिलेगा, जिससे भविष्य में कृषि और पेयजल की जरूरतें पूरी होंगी।

प्रदेश में रेयर अर्थ एलिमेंट्स यानी दुर्लभ खनिजों की खोज को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही एनआईए से जुडे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत बनायी जायेगी। राज्य सरकार ने कल इस संबंध में कई फैसले लिये।

-----

**कल** एक अन्य बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भी राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स–आर.एस.एम.एम. को खनिजों के खनन में दुनिया की नवीनतम तकनीक अपनाते हुए **जीरो लॉस माइनिंग** पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। कल सचिवालय में आर.एस.एम.एम की 76वीं वार्षिक साधारण सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मार्केटिंग के जरिए उपक्रम का कारोबार और मुनाफा बढ़ाने को कहा।

केंद्र सरकार ने पराली प्रबंधन और इसके स्थायी समाधान के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने नई दिल्ली में इस संबंध में एक उच्च स्तरीय अंतर–मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता की। श्री चौहान ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और मिट्टी की उर्वरता तथा जनस्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष के लिए फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत 544 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, जिसमें से आधी राशि जारी की जा चुकी है। बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–छब्त के 14 जिलों की 70 तहसीलों में 'पराली सुरक्षा बल' तैनात कर कड़ी निगरानी रखने पर भी जोर दिया गया।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की आज 486वीं जयंती है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रताप जयन्ती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री बागडे ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मुगलों को मेवाड़ से खदेड़ा था। मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके संघर्ष को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने आवास पर महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। पाली में इस अवसर पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करेंगे। शहर में रैली निकाली जायेगी। कोटपूतली–बहरोड़ में वाहन रैली निकाली जायेगी। जिसमें जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह शिरकत करेंगे।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने आगामी नीट परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को घोटालेबाजों से सावधान रहने का अनुरोध किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि घोटालेबाज लोग टेलीग्राम पर ऐसे चैनल चला रहे हैं जिनमें 21 तारीख को प्रस्तावित परीक्षा के प्रश्न–पत्र साझा करने के लिए 14 हजार से 25 हजार रूपए तक की मांग की जा रही है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि पुनर्परीक्षा का कोई प्रश्न–पत्र लीक नहीं हुआ है। एनटीए ने महानिदेशक अभिषेक सिंह का वीडियो भी जारी किया है जिसमें स्पष्ट किया गया है कि देश में टेलीग्राम ऐप को क्यों बंद किया गया है। श्री सिंह ने मीडिया को बताया कि एनटीए परीक्षा प्रक्रिया को कदाचार–मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी प्रश्न–पत्र हर प्रकार से सुरक्षित रखे गए हैं। इस बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज कोटा से छात्रों के लिए एक जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रहे हैं। अभियान के तहत राहुल गांधी शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल भी कई स्थानों पर आंधी–बारिश का दौर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अब कहीं भी हीटवेव नहीं है और लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिली है। विभाग के अनुसार शेखावाटी क्षेत्र के सीकर और चूरू में कल झमाझम बरसात हुई। वहीं श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित हुआ, लेकिन बाद में बारिश से मौसम सुहाना हो गया। अच्छी बारिश के बाद किसानों ने खरीफ फसलों की बुवाई शुरू कर दी है। बालोतरा में भी देर रात तूफानी आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। बाड़मेर में मौसम ने अचानक करवट ली है।

-----

मौसम विभाग ने आज जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, अजमेर, कोटा और जोधपुर संभाग में आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। प्रदेश के 29 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

प्रदेश में शिशु मृत्यु दर को कम करने और बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए स्टॉप डायरिया अभियान 2026 कल से शुरू हो गया है। चिकित्सा मंत्री द्वारा शुरू किया गया यह विशेष अभियान 31 जुलाई तक प्रदेशभर में चलेगा। जयपुर प्रथम के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ब्डभ्व) डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य डिहाइड्रेशन के कारण बच्चों में होने वाली जनहानि को रोकना है।

-----

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने अजमेर ग्रुप ऑफ वर्कशॉप का निरीक्षण कर कई नई सुविधाओं का उद्‌घाटन किया। उन्होंने नव स्थापित डेमू–मेमू शेड और लोको उत्पादन के आधुनिक कार्यालय का शुभारंभ किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कैरिज कारखाने में वंदे भारत रेलगाड़ियों के कोचों की मरम्मत और विभिन्न वैगनों के उन्नयन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने भविष्य की जरूरतों के अनुसार कारखाने के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के निर्देश भी दिए। अपने दौरे में महाप्रबंधक ने रेलवे श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनके मांग पत्र पर नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

आईसीसी महिला टी–20 विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का सामना नीदरलैंड्स से होगा। यह मैच ब्रिटेन में लीड्स में, भारतीय समय के अनुसार शाम सात बजे से होगा। भारत ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 64 रन से हराया था।

जी–7 शिखर सम्मेलन के क्रम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक पर सबकी नजरें टिकी हैं। भारत जी–7 शिखर सम्मेलन में सहयोगी देश के तौर पर शामिल है। श्री मोदी और ट्रंप के बीच पिछली बैठक अमरीका में पिछले वर्ष फरवरी में हुई थी। आज की मुलाकात में, दोनों पक्षों के बीच कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करने तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी आज जी–7 के एक अन्य सत्र में भी हिस्सा लेंगे। इसका विषय है– सबके लाभ के लिए संतुलित, समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास की फिर से शुरूआत। वे ।ॅ को सुरक्षित, तेजी से और प्रभावी ढंग से लागू करने पर आयोजित वर्किंग लंच में भी शामिल होंगे।

सवाईमाधोपुर जिले में पांचना बांध का पानी नहरो में छोड़ने की मांग को लेकर खंडीप गांव में किसानों की महापंचायत जारी है। इस मुद्दे पर कल देर शाम जिला कलेक्टर कानाराम और पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेई ने संघर्ष समिति तथा 88 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत वार्ता की। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और रेल पटरियों पर न जाने की अपील की है, जिस पर समिति ने प्रशासन को आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले महापंचायत में शामिल होने जा रही भारी भीड़ के कारण खंडीप रेलवे स्टेशन पर कुछ समय के लिए रेल यातायात प्रभावित हुआ था, जिसे पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद बहाल करवाया। संघर्ष समिति ने मांग पूरी न होने पर 28 जून को दिल्ली–मुंबई रेल मार्ग जाम करने की चेतावनी दी है। इसे देखते हुए रेलवे और पुलिस प्रशासन स्थिति पर विशेष निगरानी रखे हुए है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।